सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 221 | इंदौर, मंगलवार 25 फरवरी, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# ट्राइबल यूनिवर्सिटी के हॉस्टल की 60 छात्राएं बीमार, 3 की हालत नाजुक

## छात्राएं बोलीं- मेस में गंदगी फैली, खाने में कीड़े भी मिल चुके

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**अनूपपुर, एजेंसी। अनूपपुर जिले के अमरकंटक में इंदिरा गांधी नेशनल ट्राइबल यूनिवर्सिटी (IGNTU) के गर्ल्स हॉस्टल की 60 छात्राओं की तबीयत बिगड़ गई। मेस का खाना खाने के बाद छात्राओं को सिरदर्द, पेटदर्द और उल्टियां होने लगीं।**

सोमवार देर रात सभी को कैम्पस के अस्पताल में भर्ती कराया गया। 6 छात्राओं की हालत गंभीर है। डॉक्टरों का कहना है कि सभी को फूड पॉइजनिंग हुई है। नाम न छापने के शर्त पर अस्पताल के डॉक्टर ने बताया कि करीब 100 छात्राओं को कैंपस के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इनमें से 2 से 3 छात्राओं को छत्तीसगढ़ के पेंड्रा जिला अस्पताल रेफर किया है। छात्राओं का कहना है कि आलू की सब्जी खाने से ही बीमार सब बीमार हुए हैं। इसके पहले भी मेस में बने खाने को लेकर नाराजगी जताई थी। मेस के खाने में कीड़े भी मिल चुके हैं। वहीं, मंगलवार को मेस का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें काफी गंदगी दिखाई दे रही है।



विश्वविद्यालय की छात्राओं ने बताया कि सोमवार रात के खाने में आलू गोभी की सब्जी, चावल, रोटी और दाल बनी थी। रोजाना की तरह सभी ने खाना खाया। रात करीब 11 बजे एक के बाद एक सभी छात्राओं की तबीयत बिगड़ने लगी।

गर्ल्स हॉस्टल की वार्डन वासु चौधरी ने कहा कि मैं इस बारे में कुछ भी नहीं बताऊंगी। आप पीआरओ से बात कर लीजिए। छात्राओं का इलाज कर रहे डॉ. शिवंक त्रिपाठी ने बताया कि पीआरओ को बता दिया है, उन्हीं से बात करें। विश्वविद्यालय के पीआरओ रजनीश त्रिपाठी ने बताया, फूड पॉइजनिंग का मामला था। ज्यादा जानकारी मुझे भी नहीं है। कितने बच्चों को रेफर किया, इस बारे में पता नहीं है। रजिस्ट्रार और मेस वार्डन के साथ बैठक कर जांच कमेटी बनाई जाएगी। जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# महाशिवरात्रि पर्व पर रातभर होगी बाबा महाकाल की पूजा, भक्तों को 44 घंटे दर्शन देंगे बाबा महाकाल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** सनातन धर्म परंपरा में जिस प्रकार शक्ति की आराधना के लिए देवी मंदिरों में नवरात्रि मनाई जाती है, उसी प्रकार उज्जैन के विश्वप्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में शिव नवरात्रि मनाई जाती है। बारह ज्योतिर्लिंगों में एकमात्र श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में ही शिव नवरात्रि उत्साह पूर्वक मनाई जाती है। श्री महाकालेश्वर मंदिर में शिव नवरात्रि का यह उत्सव फाल्गुन कृष्ण पंचमी 17 फरवरी से प्रारम्भ हो गया है, श्री महाशिवरात्रि महापर्व के अगले दिन तक चलेगा। इस दौरान श्री महाकालेश्वर भगवान के पट दर्शन हेतु लगभग 44 घंटे दर्शन हेतु खुले रहेंगे।

आज 25 फरवरी की रात्रि महाशिवरात्रि महापर्व पर भस्मार्ती हेतु श्री महाकालेश्वर भगवान जी के मंगल पट प्रातः 2:30 बजे खुलेंगे। भस्मारती उपरांत 7:30 से 8:15 दद्योदक आरती, 10:30 से 11:15 तक भोग आरती के पश्यात दोपहर 12 बजे से उज्जैन तहसील की ओर से पूजन-अभिषेक संपन्न होगा। सायं 4 बजे होल्कर व सिंधिया स्टेट की ओर से पूजन व सायं पंचामृत पूजन के बाद भगवान श्री महाकालेश्वर



को नित्य संध्या आरती के समान गर्म मीठे दूध का भोग लगाया जायेगा। रात्रि में सायं 7 बजे से 10 बजे तक कोटितीर्थ कुण्ड के तट पर विराजित श्री कोटेश्वर महादेव का पूजन, सप्तधान्य अर्पण, पुष्प मुकुट श्रृंगार (सेहरा) के उपरांत आरती की जायेगी। 26 फरवरी 2025 की रात्रि 11 बजे से सम्पूर्ण रात्रि के साथ ही 27 फरवरी प्रातः 6 बजे तक भगवान श्री महाकालेश्वर जी का महाअभिषेक पूजन चलेगा।

जिसमें एकादश-एकादशनी रूद्रपाठ व विभिन्न मंत्रों के माध्यम से 11 ब्राह्मणों द्वारा देवादिदेव भगवान श्री महाकालेश्वर जी का अभिषेक किया जायेगा। उसके पश्चात भस्म लेपन, विभिन्न प्रकार के पाच फलों के रसों से अभिषेक, पंचामृत पूजन (101 लीटर दूध, 31 किलो दही, 21 किलो खांडसारी , 21 किलो शहद, 15 किलो घी), गंगाजल, गुलाब जल, भाँग आदि के साथ केसर मिश्रित दूध से अभिषेक किया जायेगा।

फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी 27 फरवरी 2025 गुरुवार अभिषेक उपरांत भगवान को नवीन वस्त्र धारण कराये जाकर सप्तधान्य का मुखारविंद धारण कराया जायेगा। जिसके उपरांत भगवान श्री महाकालेश्वर को सप्तधान्य अर्पित किया जाएगा, जिसमें चावल, खड़ा मूंग, तिल, गेहूं, जौ, साल, खड़ा उड़द सम्मिलित रहेंगे। श्री महाकालेश्वर मंदिर के पुजारियों द्वारा भगवान श्री महाकालेश्वर का श्रृंगार कर पुष्प मुकुट (सेहरा) बांधा जाएगा। भगवान श्री महाकालेश्वर जी को चंद्र मुकुट, छत्र, त्रिपुंड व अन्य आभूषणों से श्रृंगारित किया जायेगा। भगवान पर न्योछावर नेग स्वरुप चांदी का सिक्का व बिल्वपत्र अर्पित की जायेगी।

श्री महाकालेश्वर भगवान की सेहरा आरती की जायेगी व भगवान को विभिन्न मिष्ठान्न, फल, पञ्च मेवा आदि का भोग अर्पित किये जाएंगे।

ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से दर्दनाक हादसा

# एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

## परिजनों में मचा कोहराम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भिण्ड, एजेंसी। भिंड जिले के मौ थाना क्षेत्र के पिपाहाड़ा गांव में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से एक ही परिवार के चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। यह परिवार बेटी के ससुराल में एक कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहा था। हादसे में 6 साल के बेटे और 9 साल की बेटी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बच्चों की मां और उनकी जेठानी ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इस दुर्घटना में पांच अन्य लोग घायल हो गए, जिनका ग्वालियर में इलाज जारी है।**

ग्वालियर के मठियापुरा गांव के निवासी गंगा सिंह जाटव अपनी बेटी के घर पच कार्यक्रम में शामिल होने झांकरी के पिपाहाड़ा गांव आए थे। कार्यक्रम के बाद लौटते समय पुलिया के पास ट्रॉली का नाका टूट जाने से ट्रॉली पलट गई और ट्रैक्टर खेत में जा गिरा। इस हादसे में गंगा सिंह जाटव के 6 साल के बेटे आदित्य और 9 साल की बेटी नंदनी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, बच्चों की मां आशा देवी और उनकी जेठानी सुनीता जाटव ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

मृतकों के परिजन बंटी जाटव ने बताया कि अभी दो अन्य लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है, जिन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। झांकरी चौकी प्रभारी विवेक प्रभात ने जानकारी दी कि इस हादसे में नाहर सिंह, नीतेश और फूल सिंह समेत कुल पांच लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था, जहां से गंभीर हालत के चलते उन्हें ग्वालियर रेफर कर दिया गया। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

खंडवा में दर्दनाक हादसा

# बोलेरो-कंटेनर की टक्कर में 4 की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा, एजेंसी। मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में दर्दनाक हादसा सामने आया है। यहां के ग्राम सक्तापुर में शिव कन्या बाई ने आत्महत्या का प्रयास करते हुए जहर गटक लिया था। महिला को बोलेरो वाहन से इलाज के लिए खरगोन जिले के सनावद शासकीय अस्पताल ले जा रहे थे, तभी रास्ते में सुलगांव पेट्रोल पंप के पास तेज गति से आ रहे कंटेनर और बोलेरो वाहन में सीधी टक्कर हो गई। इस जोरदार टक्कर के बाद बोलेरो के परखच्चे उड़ गए। इन हादसे में दो लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण भी घटना स्थल पर इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों और पुलिस की मदद से सभी घायलों को सनावद के अस्पताल भेजा गया। जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए खंडवा रेफर किया गया। लेकिन रास्ते में ही जहर स्वीकर आत्महत्या करने वाली शिव कन्या सहित एक अन्य व्यक्ति की भी इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना शनिवार देर रात की बताई जा रही है। धनगांव पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू कर दी है।**

शनिवार रात खंडवा जिले के सक्तापुर के रहने वाली सुकन्या ने जहर पीकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। परिवार वालों ने उसकी जान बचाने के लिए उसे बोलेरो वाहन अस्पताल ले जा रहे थे, तभी रास्ते में एक तेज गति से आज तक कंटेनर यमदूत बन उन पर टूट पड़ा। कंटेनर और बोलेरो की आमने-सामने टक्कर हो गई। जहर पीने वाली महिला शिव कन्या के पति शिवम ने बताया कि उसकी पत्नी शिव कन्या ससुराल में थी। जहां उसने जहर गटक लिया। उसे गंभीरता अवस्था में उसका साला और साडू धर्मेंद्र उसकी पत्नी संगीता, साला पवन एवं 2 अन्य के साथ निजी वाहन से सनावद अस्पताल आ रहे थे। जहां रास्ते में सुलगांव पेट्रोल पंप के पास उनका वाहन सामने से आते एक कंटेनर से टकरा गया। जिसमें वाहन में सवार धर्मेंद्र और बिट्टू चौहान सक्तापुर की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

# इंदौर जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य 1 मार्च से होगा प्रारंभ

## गेहूँ खरीदी के लिए बनाये गए 91 केन्द्र, गेहूँ खरीदी की सभी तैयारियां लगभग पूर्ण, बैठक सम्पन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीदी के लिए की जा रही तैयारियां लगभग पूर्ण हो गई है। जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीदी का कार्य 01 मार्च से प्रारंभ होगा। गेहूँ खरीदी के लिए जिले में 91 केन्द्र बनाये गए हैं। समर्थन मूल्य पर गेहूँ विक्रय के लिए जिले के 20 हजार 955 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। जिले में इस वर्ष किसानों से 2600 रुपये प्रति क्विंटल की दर से समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीदा जायेगा। इसमें भारत सरकार की 150 रुपये तथा राज्य शासन की 175 रुपये प्रति क्विंटल की बोनस राशि शामिल है।**



यह जानकारी आज यहां कलेक्टर कार्यालय में सम्पन्न हुई अंतर विभागीय समन्वय समिति तथा समय सीमा के पत्रों के निराकरण(टीएल) की बैठक में दी गई। बैठक में अपर कलेक्टर श्री गौरव बेनल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आर.पी. अहिरवार, अपर कलेक्टर श्री रोशन राय, श्री राजेन्द्र रघुवंशी तथा श्रीमती निशा डामोर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में अपर कलेक्टर श्री बेनल ने समय सीमा के पत्रों के निराकरण की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि आवेदकों की संतुष्टि के साथ उनका निराकरण किया जाए। उन्होंने समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीदी के लिए की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाये जिससे किसानों को कोई परेशानी नहीं हो। खरीदी केन्द्रों पर किसानों के लिए सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध रहें। केन्द्रों पर तौल कांटा, बारदाना सहित सभी जरूरी व्यवस्थाएं भी रहें। किसानों को उनकी उपज का उसी दिन भुगतान हो जाये। यह सुनिश्चित किया जाए कि किसानों की उपज की तुलवाई उसी दिन कर ली जाये जिस दिन वह उपज लाये हैं। बताया गया कि जिले में अभी तक 20 हजार 955 किसानों ने अपना पंजीयन करवाया है।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन ने बैठक में जिले में चल रहे सीएम राइज स्कूल भवनों तथा पंचायत भवनों के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यह कार्य जल्द पूरे हो इसके प्रयास किये जाए। भवन निर्माण की सभी औपचारिकताएं जल्द पूर्ण कर ली जाये। भवन निर्माण में आ रही बाधाओं को भी दूर किया जाये।

# छुट्टी के दिन भी खुले रहेंगे पंजीयन ऑफिस

### निर्वाचन भवन में स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा व्यवस्था देखने पहुंचे कलेक्टर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में छुट्टी के दिन भी पंजीयन ऑफिस खुल रहेंगे। लोग आसानी से यहां आकर अपने काम करा सकेंगे। लोगों को अपने दस्तावेजों के पंजीयन काम में ज्यादा सुविधा मिल सके और शासन के राजस्व को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।**

राज्य शासन के महानिरीक्षक पंजीयन और अधीक्षक मुद्रांक के निर्देशों के परिपालन में वरिष्ठ जिला पंजीयक और उप पंजीयक कलेक्टर ऑफिस मोती तबेला 1 मार्च से छुट्टी के दिनों में खुले रहेंगे। होली को छोड़कर बाकी सभी सार्वजनिक छुट्टी के दिनों में (प्रत्येक शनिवार व रविवार सहित) सरकारी एवं पंजीयन काम के जारी रहेंगे। कलेक्टर आशीष सिंह सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सामने निर्वाचन भवन में स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा व्यवस्था देखने पहुंचे। उन्होंने यहां रखी गई ईवीएम मशीनों की व्यवस्था को देखा। सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी भी ली। उनके साथ अपर कलेक्टर राजेंद्र सिंह रघुवंशी, राजनीति दल प्रतिनिधि के रूप में निर्वाचन प्रकोष्ठ के नगर संयोजक मनोहर मेहता सहित अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी थे।



### कलेक्टर आशीष सिंह ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह ने कलेक्टर कार्यालय के सामने स्थित निर्वाचन भवन में स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्ट्रांग रूम में रखी गई ईवीएम मशीनों की व्यवस्था को देखा। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी भी ली। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर श्री राजेंद्र सिंह रघुवंशी, राजनीति दल प्रतिनिधि के रूप में निर्वाचन प्रकोष्ठ के नगर संयोजक श्री मनोहर मेहता सहित अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

# कांटाफोड़ मंदिर में भक्तों ने लगाई दूल्हा-दुल्हन को मेहंदी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। नवलखा स्थित मनकामेश्वर कांटाफोड़ शिव मंदिर में पांच दिवसीय शिव विवाह एवं शिवरात्रि महोत्सव का आयोजन चल रहा है। महोत्सव के दूसरे दिन सोमवार को सैकड़ों भक्तों ने दूल्हा बने भगवान शिव और दुल्हन बनी मां पार्वती को मेहंदी लगाई।

भक्त अपने घरों से ढोल-ढमाकों के साथ मेहंदी लेकर पहुंचे। नाचते-गाते हुए उन्होंने दूल्हा-दुल्हन को मेहंदी लगाई। मंगलवार सुबह 10 बजे से लेपन-उबटन की रस्म होगी। महाशिवरात्रि के अवसर पर 26 फरवरी को शाम 6 बजे से विशेष झांकी का आयोजन किया जाएगा। इसमें मंडप, वरमाला और सात फेरों सहित विवाह की सभी रस्मों को दर्शाया जाएगा। बंगाल से आए 12 कलाकारों ने पिछले 11 दिनों से लगातार मेहनत कर यह जीवंत झांकी तैयार की है। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विष्णु बिंदल, सुभाष बजरंग, टीकमचंद गर्ग एवं बी.के. गोयल ने बताया कि सोमवार को मंदिर पर भगवान को मेहंदी लगाने की रस्म शुरू हुई जो दोपहर तक चलती रही। अनेक परिवार ढोल ढमाकों के साथ तो कुछ महिलाओं के समूह अपने-अपने घरों से भजन गाते हुए मेहंदी लेकर आए और दूल्हा-दुल्हन को मेहंदी लगाई। यह सिलसिला दोपहर तक चलता रहा। दोपहर में ही भगवान शिव को पंचामृत से भी अभीसिक्त किया गया। इस दौरान भक्तों का उत्साह देखते ही बनता था। कई बार भगवान भोलेनाथ के जयघोष और नाचने-गाने के दृश्य भी देखने को मिले। भक्तों ने भगवान के त्रिशूल और डमरू को भी मेहंदी लगाई। मंदिर ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष रामरतन अग्रवाल की स्मृति में चल रहे ओम नमः शिवाय महामंत्र के अखंड जाप का सिलसिला सोमवार को भी चलता रहा। यहां प्रतिदिन 6-6 घंटे के लिए 4-4 विद्वान इस अनुष्ठान में शामिल होकर मंदिर परिसर को गुंजायमान बनाए हुए हैं। यह सिलसिला भी 26 फरवरी तक जारी रहेगा।

महोत्सव में मंगलवार को सुबह 10 बजे से लेपन-उबटन की रस्म संपन्न होगी और 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर दोपहर 1 बजे से भगवान को केसर जल से स्नान कराया जाएगा । सांय 6 बजे से पश्चिम बंगाल से आए कलाकारों द्वारा निर्मित की गई शिव-पार्वती विवाह की जीवंत और मनोहारी झांकी के दर्शन होंगे। इस झांकी में विवाह मंडप, वरमाला एवं सात फेरों सहित विवाह से जुड़े प्रसंगों को बंगाली कलाकारों ने बहुत शिद्दत से तैयार किया है।

# मार्च के पहले सप्ताह में आएगी स्वच्छता सर्वे टीम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। स्वच्छता में सात बार नंबर वन आने के बाद इंदौर नगर निगम के अधिकारी आठवीं बार भी नंबर वन आने के लिए पूरी मेहनत कर रहे हैं। साफ-सफाई से लेकर विभिन्न पैरामीटर पर खरा उतरने की रोजाना तैयारी की जा रही है। इसके लिए नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी दिन-रात फील्ड में मेहनत कर रहे हैं। कहीं कोई कमजोरी न रह जाए इसलिए अफसर भी लगातार कर्मचारियों से फीडबैक ले रहे हैं।

दरअसल, स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए टीमें अलग-अलग शहरों में जाना है। इसी कड़ी में इंदौर भी टीम आने वाली है। बताया जा रहा था कि 15 फरवरी के बाद ये टीम कभी भी इंदौर आ सकती है, लेकिन अब संभवना जताई जा रही है कि टीम मार्च के पहले सप्ताह में इंदौर आ सकती है। वहीं कुछ का कहना है कि टीम फरवरी माह के अंतिम दिनों में भी आ सकती है। हालांकि टीमों के आने का इंतजार सभी को है। नगर निगम के अधिकारियों की माने तो स्वच्छ सर्वेक्षण 10 पैरामीटर पर होना है। इन 10 पैरामीटर पर खरा उतरने के लिए नगर निगम की टीम लगातार कोशिश कर रही है। सर्वेक्षण टीम भी आकर इन पैरामीटर के आधार पर ही मार्क्स देगी, जिसके बाद रैंकिंग मिलेगी। 10 पैरामीटर में शहर की साफ-सफाई, सुंदरता से लेकर जनता के फीडबैक सहित अन्य पैरामीटर है। इन पैरामीटर्स के लिए नंबर भी निर्धारित है। टीम कभी भी किसी भी जगह इन पैरामीटर का आकलन करेंगी। इसके साथ ही वे जनता से भी फीडबैक लेंगी

# सीएम हेल्पलाइन पर आ रही शिकायतों का प्राथमिकता से देखें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। सोमवार को कलेक्टर ऑफिस में टीएल बैठक हुई। बैठक में जिले के सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। प्रशासनिक अधिकारियों ने अलग-अलग मुद्दों पर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। इसमें मुख्य रूप से गेहूं खरीदी और सीएम हेल्प लाइन की शिकायतों को लेकर निर्देश दिए गए है।**

सोमवार को आयोजित हुई इस बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। बैठक को लेकर अपर कलेक्टर गौरव बेनल ने कहा की टीएल बैठक में शहर के वो प्रमुख मुद्दे होते हैं, जिन्हें समय सीमा में पूरा करना आवश्यक होता है। जहां पर विभागों के समन्वय की आवश्यकता है। जहां एक से ज्यादा विभाग शामिल हैं। उनके समन्वय के बिना काम नहीं हो सकता है। ऐसे कई मुद्दे टीएल बैठक में डिस्कस किए जाते हैं। इस कड़ी में सोमवार को टीएल बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिले के सभी विभागों के अधिकारी शामिल थे। इन अधिकारियों से विभिन्न विषयों पर विस्तार से बातचीत की गई है। इसमें एक विषय था गेहूं खरीदा का। 1 मार्च से गेहूं खरीदी होना है। इसे लेकर विस्तार से चर्चा की गई है। एजेंसी, खाद्य विभाग, वेयर हाउसिंग सहित अन्य सभी विभागों की सहभागिता इसमें रहेगी। इसके लिए एसडीएम स्तर की एक समिति भी गठित है। गेहूं खरीदी को लेकर हमारी तैयारी पूरी है। अपर कलेक्टर गौरव बेनल ने कहा कि सीएम हेल्प लाइन को लेकर हमे पता है कि यह शासन की और हमारी प्राथमिकता है। सभी विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि वे सीएम हेल्प लाइन की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करें। कोई भी पुरानी सीएम हेल्प लाइन की शिकायत पेंडिंग नहीं होना चाहिए। ज्यादा से ज्यादा संतुष्टि के साथ सीएम हेल्प लाइन की शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

# दंपती को बचाने की कोशिश में गई युवक की जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। अन्नपूर्णा इलाके में एक दर्दनाक हादसे में डिवाइडर से टकराने के कारण एक बाइक सवार युवक की जान चली गई। जानकारी मिल रही है कि युवक ने अचानक सामने आए एक दंपती को बचाने के लिए तुरंत प्रतिक्रिया दी और बाइक के ब्रेक लगाए, जिसके चलते वह फिसलते हुए डिवाइडर से टकरा गया। गंभीर रूप से घायल युवक को एम्बुलेंस द्वारा एमवाय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी जान छीन ली गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।**

पुलिस के अनुसार, यह हादसा अन्नपूर्णा रोड पर हुआ। मरीमाता का बगीचा निवासी राहुल सोनाने (पुत्र मुकेश सोनाने) अपने



मित्र विकास के साथ बाइक से राजेंद्रनगर से महू नाका की ओर जा रहा था। उसी समय अचानक एक दंपती, जो दोपहिया वाहन चला रहे थे, उसकी राह में आ खड़े हुए। राहुल ने बिना देर किए उन्हें बचाने का प्रयास किया और ब्रेक लगाने के बाद बाइक फिसल गई, जिससे वह डिवाइडर से टकरा गया। इस दुर्घटना में राहुल के सिर पर गंभीर चोटें आईं, जबकि उसके दोस्त विकास को मामूली चोटों का सामना करना पड़ा। राहुल पेशे से एक मैकेनिक था और एक गैराज में काम करता था। उसके परिवार में माता-पिता और दो भाई शामिल थे। पुलिस के अनुसार, राहुल के पिता का भी कुछ समय पहले एक्सीडेंट हो चुका था, जिससे उनकी मानसिक स्थिति अस्थिर दिखाई दे रही थी। हादसे के तुरंत बाद पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से मुआयना किया और जांच प्रक्रिया आरंभ कर दी है। विकास को प्राथमिक उपचार मिलने के पश्चात अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है, और पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई जारी रखने के लिए तत्पर है। गौरतलब है कि इंदौर में लगातार हादसे बढ़ रहे हैं। प्रशासन हादसे रोकने के लिए कई कमेटियां भी बना चुका है लेकिन कुछ नतीजा नहीं निकल रहा है।

# पेट्रोल पंप कर्मचारी और दोस्त पर चाकू से हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर के परदेशीपुरा इलाके में रंजिश के चलते बदमाशों ने पेट्रोल पंप कर्मचारी और उसके दोस्त पर चाकू से हमला कर दिया। घटना में एक युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने आदेश हनुमंत की शिकायत पर बाबू, श्रवण गंगापारी और संजय के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, आदेश पेट्रोल पंप कर्मचारी है और घटना के समय वह अपने दोस्त कपिल के साथ डबल मंजिला कॉम्प्लेक्स में बैठा था। तभी आरोपी बाइक से वहां पहुंचे और कपिल से विवाद करने लगे। विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने कपिल को पकड़कर पहले हाथ-मुक्कों से मारपीट की। इसके बाद बाबू ने चाकू निकालकर कपिल के सीने पर वार कर दिया, जिससे वह जमीन पर गिर गया। जब आदेश उसे बचाने गया तो आरोपियों ने उसके हाथ पर भी चाकू मार दिया और फरार हो गए। घटना के बाद कपिल और आदेश को उनके रिश्तेदार अस्पताल ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी हैं।

# बारदान व्यापारी ने दुकान से घर जाकर लगाई फांसी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मल्हारगंज इलाके में रहने वाले बारदान व्यापारी दिलीप प्रजापति (44) ने रविवार रात अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, और आत्महत्या के कारणों की जांच जारी है। मल्हारगंज पुलिस के अनुसार, दिलीप प्रजापति का नालिया बाखल में बारदान का कारोबार था। रविवार शाम वे अपनी दुकान से घर लौटे और पूजा-पाठ करने के बाद ऊपर अपने कमरे में चले गए। काफी देर तक बाहर न आने पर उनके छोटे भाई ने आवाज लगाई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। जब ऊपर जाकर देखा तो दिलीप फंदे पर लटके हुए थे। दिलीप के भतीजे वैभव ने बताया कि उन्हें न तो कोई आर्थिक परेशानी थी और न ही कोई मानसिक तनाव। रविवार को भी उन्होंने परिवार के सभी सदस्यों से सामान्य रूप से बातचीत की थी। दिलीप के परिवार में माता-पिता, दो भाई, पत्नी, दो बेटे और एक बेटी हैं। पूरा परिवार साथ ही रहता है। घटना के बाद से घर में मातम पसरा हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आत्महत्या के पीछे की वजह तलाशने में जुटी है।

# कार सवार युवकों पर पथराव, चाकू और रॉड से किया हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** एमआईजी इलाके में रविवार रात चार युवकों की कार पर बदमाशों ने पथराव कर दिया। इस दौरान एक युवक मौके से भाग निकला, जबकि तीन युवकों पर चाकू और लोहे की रॉड से हमला किया गया। गंभीर रूप से घायल तीनों को देर रात एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां रोहन की हालत नाजुक बनी हुई है। एमआईजी पुलिस के अनुसार, घायल रोहन (23) पुत्र बब्बू कौशल, दीपक (27) पुत्र मुकेश कौशल और प्रथम (24) पुत्र संदीप को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया। दीपक ने बताया कि तीनों घर की छत पर बैठकर क्रिकेट मैच देखने के बाद खाना खा रहे थे, तभी दोस्त अंकित आया और बताया कि विशाल उर्फ छोटा उसे रंजिश के चलते धमका रहा है और नेहरू नगर बुला रहा है। तीनों युवक अंकित के साथ कार से वहां पहुंचे, जहां विशाल उर्फ छोटा, दीपक जाटव उर्फ भतीजा और उसके साथियों ने कार पर पथराव शुरू कर दिया। अंकित जान बचाकर भाग निकला, जबकि बदमाशों ने कार के अंदर पत्थर फेंके और हमला कर दिया। विशाल ने चाकू से रोहन के पेट पर वार किया, जबकि लोहे की रॉड से दीपक और प्रथम पर हमला कर दिया, जिससे दोनों के सिर पर गंभीर चोटें आईं। हमले के दौरान शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने बताया कि रोहन की हालत गंभीर है और मामले की जांच जारी है।

# सब्जी विक्रेता ने जान दी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** तुकोगंज इलाके में रहने वाले एक 25 वर्षीय सब्जी विक्रेता ने रविवार देर रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन रात में शव को एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, मृतक आशीष (25) पुत्र मांगीलाल, पांडे का बगीचा इलाके में रहता था और सब्जी बेचने का काम करता था। रविवार रात वह घर आया और अपनी मां से पानी मांगा। इसके बाद वह अगले कमरे में चला गया। कुछ देर बाद जब मां पानी लेकर वहां पहुंचीं, तो उन्होंने देखा कि आशीष फंदे से लटका हुआ था। आशीष के पिता उनसे अलग रहते हैं। उनकी एक बड़ी बहन है, जिसकी शादी हो चुकी है। परिजनों ने किसी तरह की आर्थिक या मानसिक परेशानी की जानकारी नहीं दी है। पुलिस ने बताया कि मां के बयान अभी दर्ज नहीं हुए हैं और मामले की जांच जारी है।

# पुलिस से बचने के लिए पंढरीनाथ इलाके का हिस्ट्रीशीटर बाणगंगा क्षेत्र में रहने पहुंच गया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** पुलिस से बचने के लिए पंढरीनाथ इलाके का हिस्ट्रीशीटर बाणगंगा क्षेत्र में रहने पहुंच गया। यहां एक नाबालिग के जन्मदिन पर उसने अवैध चाकू से केक कटवाया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया। वीडियो में वह बच्चे से केक कटवा रहा है। हालांकि, बाणगंगा पुलिस को इस मामले की कोई जानकारी नहीं है।

जानकारी के मुताबिक, बाणगंगा थाना क्षेत्र के रेवती रेंज में रहने वाला विक्की ठाकुर दो दिन पहले अपने रिश्तेदार के बेटे के जन्मदिन समारोह में शामिल हुआ था। इस दौरान उसने अवैध चाकू से केक कटवाने का आयोजन किया। बताया जा रहा है कि विक्की पहले पंढरीनाथ इलाके में रहता था, लेकिन पुलिस की नजरों से बचने के लिए उसने अपना ठिकाना बदल लिया। द्वारकापुरी पुलिस ने करीब दो साल पहले विक्की ठाकुर को 100 एमडी ड्रग पुड़िया के साथ गिरफ्तार किया था। जेल से छूटने के बाद वह दोबारा नशे के अवैध कारोबार में सक्रिय हो गया। विक्की के खिलाफ द्वारकापुरी, चंदननगर, छत्रीपुरा, रावजी बाजार और जूनी इंदौर थानों में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें अधिकतर मामले ड्रग तस्करी से जुड़े हुए हैं।बाणगंगा क्षेत्र में विक्की ठाकुर की मौजूदगी और अवैध गतिविधियों में लिप्त होने की खबर से पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। फिलहाल, वायरल वीडियो की पुष्टि के बाद पुलिस इस मामले में कार्रवाई कर सकती है।

# फेसबुक फ्रेंड ने की डॉक्टर से धोखाधड़ी बेचने के लिए दी कार को रख दिया गिरवी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। राजेन्द्र नगर पुलिस ने एक डॉक्टर की शिकायत पर उसके दोस्त के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। आरोपी से डॉक्टर की पहचान फेसबुक के जरिए हुई थी। नितिन गुप्ता निवासी हाईटेक सिटी खरगोन की शिकायत पर पुलिस ने जगदीश निवासी एमआर-10 के खिलाफ केस दर्ज किया है।**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नितिन पेशे से डॉक्टर है। जगदीश से फेसबुक पर दोस्ती हुई। इसके बाद दोनों ने एक दूसरे का नंबर लिया। जगदीश ने बातचीत में बताया कि उसका इंदौर में ऑटो डील है। डॉक्टर नितिन के पास एक कार थी। जिसे वह बेचना चाहता था। जगदीश ने कार लेकर ओशियन मोटर्स पर बुलाया। 18 नवंबर 2024 को डॉक्टर गुप्ता इंदौर आए। यहां कार जगदीश को देकर बेचने के लिए कहा। करीब एक सप्ताह बाद जगदीश को नितिन ने कॉल कर कार बिकने के बारे में पूछा। जगदीश ने कहा कि वह कार पार्टी को दिखा रहा है। कुछ दिन बाद कॉल कर डॉक्टर नितिन ने कहा कि कार नहीं बिक रही हो तो उसे वापस दे दो। इस पर उसने जल्द बेचकर रुपए देने की बात कही। इसके बाद जब भी बात होती तो जगदीश एक-दो दिन करके टाल देता। शंका होने पर नितिन इंदौर आकर जगदीश के घर गया। यहां उसकी पत्नी से बात हुई, तो उसने बताया कि रुपए की जरूरत होने के चलते कार किसी को गिरवी रखी है। इसके बाद जगदीश से कार मांगी तो उसने कहा कि अभी रुपए भी नही हैं और कार भी नहीं दे पाएगा। इसके बाद से कार मांगने पर जगदीश धमकी देने लगा। वह नेता और पुलिस से अच्छे सबंध होने की बात कर डराता है। डॉक्टर ने दोस्त के साथ रविवार को थाने पहुंच कर जगदीश पर केस दर्ज कराया।

### ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025- उद्योगपतियों ने निवेश के लिए जताई सहमति

# मध्यप्रदेश में निवेश का सुनहरा दौर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्यप्रदेश में निवेश की संभावनाएं लगातार बढ़ रही हैं और देश-विदेश के उद्योगपति इसे एक प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में देख रहे हैं। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 को लेकर उद्योग जगत में खासा उत्साह देखा जा रहा है। देश के प्रमुख उद्योगपतियों ने राज्य में निवेश को लेकर अपनी सकारात्मक प्रतिक्रियाएं दी हैं।**

### निवेश के साथ रोजगार सृजन

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 में शामिल होने भोपाल आए उद्योगपति श्री गौतम अडाणी ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ वन-टू-वन चर्चा में कहा है कि इस आयोजन में शामिल होना मेरे लिए सम्मान की बात है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की 'मेक इन इंडिया' और 'डिजिटल इंडिया' जैसी पहल ने देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश का विकास हो रहा है। श्री अडानी ने घोषणा की है कि उनका समूह 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के साथ इस विकास यात्रा में आपके साथ है। श्री अडाणी ने कहा कि उनका ग्रुप मध्यप्रदेश में सीमेंट, सीवेज, खनन, स्मार्ट-मीटर और थर्मल-एनर्जी के क्षेत्रों में 1 लाख 10 हजार करोड़ रुपये का नया निवेश कर रहा है। इससे 2030 तक राज्य में 1 लाख 20 हजार रोजगार सृजन होंगे। श्री अडाणी ने बताया कि इसके साथ ही समूह एक ग्रीनफील्ड स्मार्ट-सिटी विकसित करने की योजना पर भी काम कर रही है। इसमें 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक का अतिरिक्त निवेश शामिल होगा। आशा है कि ये सभी निवेश मध्यप्रदेश की विकास यात्रा में मील का पत्थर सिद्ध होंगे।



### भोपाल में निवेश की संभावनाएं देखने आया हूं, मेरे लिए यह बेहद रोमांचकः श्री मार्टिन यू. माइयर

मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर विदेशी निवेशकों में खासा उत्साह देखने को मिला। मुंबई स्थित स्विट्जरलैंड के वाणिज्य दूतावास के महावाणिज्य दूत मार्टिन यू. माइयर ने जीआईएस में शामिल होकर कहा कि 'यह मेरे लिए बेहद रोमांचक है। मैं पहली बार मध्यप्रदेश आया हूं और भोपाल में यह देखना चाहता हूं कि यहां क्या संभावनाएं हैं।' उन्होंने कहा कि स्विट्जरलैंड, आइसलैंड, लिचेंस्टाइन और नॉर्वे सहित यूरोपीय फ्री ट्रेड एसोसिएशन (EFTA) देशों ने भारत के साथ व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते (TEPA) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत अगले 15 वर्षों में भारत में 100 बिलियन डॉलर का निवेश किया जाएगा। 'अब हमें यह सुनिश्चित करना है कि स्विस कंपनियां भारत आएं और यहां निवेश करें।' इस समझौते के तहत भारत और स्विट्जरलैंड के आर्थिक संबंधों को और मजबूती मिलने की उम्मीद है।

### नादिर गोदरेज, चेयरमैन, गोदरेज इंडस्ट्रीज

'मध्यप्रदेश विकास की ओर तेजी से अग्रसर है और यहां निवेश करना सदैव लाभदायक रहा है। हमें पूर्व में जो भी समर्थन चाहिए था, वह मिला और प्रगति लगातार जारी है। अब राज्य भविष्य के लिए पूरी तरह तैयार है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव लीड करें और एमपी सक्सीड करें।' उनकी सरकार में बिजनेस रेगुलेशन्स को सरल बनाया गया है, जिससे निवेशकों के लिए राज्य और अधिक आकर्षक बन गया है।'

### संजीव पुरी, चेयरमैन एवं एमडी, आईटीसी

'मध्यप्रदेश अपनी रणनीतिक स्थिति और समृद्ध प्राकृतिक संसाधनों से निवेश के लिए उपयुक्त राज्य है। यह एक कृषि प्रधान राज्य है और वर्षों से इस क्षेत्र में जबरदस्त बदलाव देखा गया है। अब हम विभिन्न क्षेत्रों में उद्योगों की बढ़ती उपस्थिति देख रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में राज्य एक नए विकास युग में प्रवेश कर रहा है। राज्य सरकार की नीतियों से उद्योगों को काफी प्रोत्साहन मिल रहा है।'

### विनीत मित्तल, चेयरमैन, अवाडा ग्रुप

'हम 2010 से मध्यप्रदेश में निवेश कर रहे हैं और अब एनटीपीसी, एनएचपीसी और अन्य संस्थानों से कई परियोजनाएं प्राप्त कर चुके हैं। हम इन परियोजनाओं को मालवा, बुंदेलखंड और भिंड क्षेत्रों में स्थापित करने जा रहे हैं। हमारी कंपनी अगले 5 वर्षों में सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, पंप स्टोरेज और बैटरी स्टोरेज में 50 हजार करोड़ रुपये का निवेश करने का संकल्प ले चुकी है।'

### सुधीर कुमार अग्रवाल, फाउंडर एवं चेयरमैन, सागर ग्रुप

'मध्यप्रदेश में संसाधनों की कोई कमी नहीं है और यहां निवेश की असीम संभावनाएं हैं। सागर ग्रुप के रूप में हम राज्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारे निवेश शिक्षा, बुनियादी ढांचे और चिकित्सा सुविधाओं में हो रहे हैं, जिससे राज्य की जनता के जीवन को बेहतर बनाने में मदद मिल रही है। हमारी कंपनी में 50 हजार से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, जिनमें 60% महिलाएं हैं। हमारा लक्ष्य राज्य की समृद्धि में योगदान देना और सकारात्मक बदलाव लाना है।'

### दिनेश पाटीदार, चेयरमैन, शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड

'भारत के केंद्र में स्थित मध्यप्रदेश निवेश के लिए एक बेहतरीन स्थान है। राज्य सरकार व्यापार अनुकूल नीतियों और आकर्षक प्रोत्साहनों के माध्यम से औद्योगिक विकास को बढ़ावा दे रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश ऊर्जा आत्मनिर्भरता और नए रोजगार अवसरों के लिए पूरी तरह तैयार है।' मध्यप्रदेश सरकार के प्रयासों और निवेशकों की सकारात्मक सोच से राज्य एक नई ऊंचाई की ओर बढ़ रहा है। जीआईएस-2025 के माध्यम से मध्यप्रदेश निवेशकों के लिए एक आदर्श गंतव्य के रूप में उभर रहा है।

## दो युवकों ने गोली मारकर सुसाइड किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मुरैना, एजेंसी।** मुरैना में अलग-अलग घटनाओं में दो युवकों ने गोली मारकर सुसाइड कर लिया। पहली घटना में 26 साल के युवक ने सोमवार सुबह अपने घर के पीछे बने मैरिज गार्डन में खुद को गोली मार ली। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। वहीं, कोतवाली थाना क्षेत्र में 18 साल के युवक ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली। उसने रविवार रात को अपने भाई की लाइसेंसी राइफल से खुद को गोली मारी है। पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है। बड़ोखर इलाके में रहने वाले सोनू उपाध्याय (26) ने सोमवार सुबह करीब 5 बजे अकेले मैरिज गार्डन में पहुंचा। चलते-चलते उसने अवैध कट्टे को अपनी कनपटी पर रखकर फायर कर दिया। घटना के बाद से परिवार सदमे में है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली थाना क्षेत्र में रिहान (18) अपने भाई के साथ वाटर वर्कर्स कॉलोनी में शासकीय आवास में रहता था। रिहान का भाई इमरान मुरैना नगर पालिका में कर्मचारी है। रविवार रात को रिहान ने अपने भाई की लाइसेंसी राइफल से खुद को गोली मार ली। उसे तुरंत जिला अस्पताल मुरैना लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# महिला ने पति से ₹38 लाख ठगे

## सरकारी नौकरी दिलाने के बहाने बॉयफ्रेंड के साथ रची साजिश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, एजेंसी। जबलपुर में एक महिला ने अपने बॉयफ्रेंड के साथ मिलकर ससुराल वालों को लाखों रुपए का चूना लगा दिया। इतना ही नहीं नकली सोना घर पर रखकर असली सोने के जेवरात गायब कर दिए। मामले का खुलासा होने के बाद पीड़ित ने मदन महल थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस ने महिला और उसके बॉयफ्रेंड के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

20 फरवरी को हुई एफआईआर के बाद से ही लगातार पुलिस दोनों को तलाश कर रही थी। इस दौरान पता चला कि महिला का बॉयफ्रेंड नरसिंहपुर में छिपकर बैठा है। उसे पकड़ने पुलिस मौके पर पहुंची तो उसने अपने आपको बीमार बताया। पुलिस ने उसे इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया है। इधर, महिला की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। महिला ने अपनी नौकरी के लिए पति पर दबाव बनाकर 38 लाख रुपए बॉयफ्रेंड के खाते में ट्रांसफर भी करवाए हैं। यही नहीं घर में रखे 20 तोला से अधिक सोने के जेवरात को भी गायब कर दिए। सिवनी जिले के धूमा में रहने वाले रूद्र प्रताप मिश्रा राजस्व निरीक्षक के पद पर थे। 2021 में उनके इकलौते बेटे आदित्य मिश्रा का विवाह नरसिंहपुर निवासी पूजा दुबे से हुआ था। शादी के कुछ माह तक सबकुछ ठीक था। इस बीच पूजा के बॉयफ्रेंड आकाश नेमा का आना-जाना शुरू हो गया। पूजा उसे अपना मुंहबोला भाई बताती थी। पूजा ने पति और ससुर पर दबाव बनाया कि आकाश की अधिकारियों से अच्छी पहचान है। वह उसकी शिक्षा विभाग में नौकरी लगवा देगा। इतना ही नहीं पति आदित्य की भी पटवारी में नौकरी लगवाने की बात की। इसके लिए ससुर रूद्र प्रताप ने जब पैसे देने से मना किया तो पूजा ने पति आदित्य को मना लिया। आदित्य ने इसके बाद पिता को बिना बताए 17 अगस्त 2022 से लेकर 7 जुलाई 2024 तक आकाश नेमा के खाते में 38 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। इस बीच आकाश का आदित्य के घर पर लगातार आना-जाना बना रहा। आकाश ने आदित्य को कुछ फोटोग्राफ दिखाते हुए बताया कि इन सभी की शासकीय विभाग में उसने नौकरी लगवाई है। आदित्य ने बताया कि वह जब भी घर आता तो कहता कि बस कुछ दिन और फिर दोनों की नौकरी लगने वाली है। इस पूरे मामले से मेरे पिता अनजान थे।



पूजा दुबे, आरोपी — आकाश नेमा, बॉयफ्रेंड

# चलती ट्रेन से अलग हुआ इंजन, दो हिस्सों में बंटी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम, एजेंसी। रतलाम में चलती ट्रेन से इंजन अलग होकर आगे निकल गया। वह दो हिस्सों में बंट गई। अचानक ट्रेन रुकने से यात्री घबरा गए और नीचे उतरकर पटरियों और प्लेटफॉर्म पर खड़े हो गए। रतलाम रेल मंडल के डीआरएम अश्वनी कुमार ने जांच के आदेश दिए हैं।**

घटना रतलाम मंडल के बड़ायला चौरासी स्टेशन पर सोमवार सुबह 10.30 बजे की है। रतलाम-चित्तौड़गढ़ डेमू ट्रेन रतलाम से 10 बजे रवाना हुई थी। 11 बजे जावरा पहुंचने का समय था। बड़ायला चौरासी स्टेशन पर कपलिंग टूटने से ये हादसा हो गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि डेमू ट्रेन का इंजन खराब होने के कारण एक अतिरिक्त इंजन जोड़कर ट्रेन को चलाया जा रहा था। ट्रेन के दो हिस्सों में बंटने की सूचना रेलवे कंट्रोल रूम को दी। इसके बाद स्टेशन मास्टर योगेश यादव समेत अन्य स्थानीय रेल अमला मौके पर पहुंचा।



## दो हादसों में 8 कुंभ यात्रियों की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, एजेंसी।** जबलपुर में दो घंटे में दो बड़े हादसे हो गए। इन हादसों में 8 लोगों की मौत हो गई। तीन लोग घायल हैं। सभी लोग प्रयागराज महाकुंभ से लौट रहे थे। पहला हादसा संजीवनी नगर में देर रात 2 बजे हुआ। तेज रफ्तार कार ट्रक में घुस गई। दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, एक महिला गंभीर घायल है। दूसरा हादसा खितौला के पहरेवा बायपास पर सोमवार सुबह 4 बजे हुआ। एक बेकाबू तूफान जीप पेड़ को तोड़ते हुए रॉन्ग साइड पर चली गई। इसके बाद बस से टकरा गई। जीप में सवार 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। दो लोग घायल हैं। सभी लोग कर्नाटक लौट रहे थे।

## संपादकीय

# लालू यादव की यादव राजनीति पर पीएम मोदी ने प्रहार किया

बिहार फतह की पटकथा लिखने आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, बिहार चुनाव को न्यूट्रल राजनीति की धार पर चढ़ा गए। निशाना भी साधा तो राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के एमवाई पर। मध्यम मार्ग अपनाते नरेंद्र मोदी ने राजद के पक्षधर बनी MY समीकरण को समृद्धि योजना के सहारे भाजपा की तरफ देखने, महसूस करने और नए परिप्रेक्ष्य में आकलन करने का एक टास्क दे गए। किसान सम्मान योजना से एक बड़े वर्ग को प्रभावित करने की मंशा इस सरकार की तो रहीं है। और यह जानते हुए कि बिहार में जो दो नव धनाढ्य जातियों सवर्ण के बरक्स खड़ी हैं, उनमें यादव और कुर्मी का उदय जमीन के मामले में एक नए खरीददार के रूप में हुआ है। ऐसे में इस सम्मान योजना का लाभ एक बड़ी संख्या में यादव समुदाय का भी होने जा रहा है। भाजपा के रणनीतिकारों का मानना है कि ऐसे में यादव समुदाय के बीच एक सॉफ्ट कॉर्नर इस रूप में विकसित हो सकता है, जहां भाजपा के प्रति आक्रामक विरोध में कमी आ सकती है। और बिहार के संदर्भ में इतना भी हो जाता है तो यह भाजपा की बड़ी जीत हो सकती है। मोतिहारी में गोकुल मिशन के तहत विकसित किया गया सेंटर फॉर एक्सीलेंस फॉर इंडिजिनियस ब्रीड्स भी दूध उत्पादक के एक बड़े वर्ग को ध्यान में रख कर किया है। दूध उत्पाद संयंत्र जिसका उद्देश्य तीन लाख दूध उत्पादकों के लिए बाजार बनाना है। भाजपा जानती है कि खास कर दुग्ध व्यवसाय से गरीब यादव ज्यादा जुड़े हैं। यह वह वर्ग है जिसे धनाढ्य यादव दूधिया कहते हैं। भाजपा के निशाने पर यह वर्ग भी है। लालू यादव की राजनीति का यह वर्ग आधार भी है। भाजपा के निशाने पर यह वर्ग है जिसे भाजपा की तरफ देखने हेतु राह बनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बड़े उद्देश्य के साथ राजद सुप्रीमो लालू यादव की यादव राजनीति पर भी प्रहार किया। कहा जो व्यक्ति पशुओं का चारा खा सकते हैं वह कभी भी परिस्थितियों को बदल नहीं सकते हैं। एनडीए सरकार ने इसे बदला है। पहले यूरिया के लिए किसान लाठी खाता था। यूरिया की कालाबाजारी होती थी। आज देखिए किसानों को पर्याप्त खाद मिलती है। हमने तो कोरोना काल में भी किसानों को खाद की कमी नहीं होने। आज भी हमारे किसानों को खाद के लिए लाठियां खानी पड़ती। आज भी बरौनी कारखाना बंद रहता है। पीएम मोदी ने इस दौरान धर्म और आस्था के बरक्स लालू परिवार को खड़ा किया।

## Health is Wealth

# बाजार में धड़ल्ले से बिक रही है प्लास्टिक की पत्ता गोभी, ऐसे करें नकली पत्तागोभी की पहचान



सेहत को अच्छा बनाए रखने के लिए डॉक्टर डाइट में हरी सब्जियां शामिल करने की सलाह देते हैं। स्वास्थ्य के लिए ऐसे ही अनगिनत फायदे समेटे हुई एक सब्जी का नाम पत्तागोभी है। पत्ता गोभी में मौजूद कई औषधीय गुण और पोषक तत्व पाचन और इम्यूनिटी को बेहतर बनाकर मोटापा, अल्सर, डायबिटीज और कोलेस्ट्रॉल जैसी समस्याओं को कंट्रोल रखने में मदद कर सकते हैं। लेकिन आजकल कुछ मुनाफाखोर ज्यादा फायदा कमाने के लिए बाजार में नकली प्लास्टिक की पत्ता गोभी बेंच रहे हैं। यह नकली पत्तागोभी दाम में सस्ती और दिखने में बिल्कुल असली पत्तागोभी की तरह होती है। नकली पत्तागोभी खाने से शरीर में जहरीले तत्व जमा हो सकते हैं, जो पेट दर्द, गैस, अपच और अन्य बीमारियों का कारण बनकर व्यक्ति को बीमार बना सकते हैं। अगर आप भी पत्तागोभी खाना पसंद करते हैं लेकिन नकली पत्तागोभी घर लाने से डरते हैं तो आपकी परेशानी को ये आसान किचन टिप्स दूर कर सकते हैं। आइए जाते हैं क्या है असली और नकली पत्तागोभी की पहचान करने का तरीका।

## असली-नकली पत्तागोभी की पहचान करने के तरीके

### पत्तों की बनावट

असली पत्तागोभी के पत्ते नेचुरली हल्के मुड़े हुए और छूने में थोड़े मोटे होते हैं। जबकि नकली पत्तागोभी के पत्ते जरूरत से ज्यादा चमकदार और छूने में प्लास्टिक जैसे लग सकते हैं।

### गर्म पानी

असली पत्तागोभी को गर्म पानी में डालने पर उनमें कोई बदलाव नहीं आता। जबकि नकली पत्ता गोभी के पत्ते गर्म पानी में डालते ही नरम पड़कर अलग-अलग होने लगते हैं।

### खुशबू

असली पत्तागोभी में हल्की मिट्टी या प्राकृतिक हरी सब्जी की खुशबू रहती है, जबकि नकली पत्तागोभी से केमिकल या प्लास्टिक जैसी गंध आ सकती है।

### काटकर देखें

असली पत्तागोभी काटने पर भीतर तक हरे या हल्के सफेद रंग की होती है जबकि नकली पत्तागोभी अंदर से जरूरत से ज्यादा चिकनी या फिर प्लास्टिक जैसी नजर आएगी।

### जलाकर देखें

असली पत्तागोभी के पत्तों को जलाने पर वो तुरंत जलने लगेंगे लेकिन नकली पत्तागोभी के पत्ते आसानी से नहीं जलते हैं।

# हाथों की सुंदरता खराब करती हैं फटी-सूखी उंगलियां, जानें कैसे पाएं छुटकारा



सुंदर दिखने के लिए शरीर का हर एक साफ सुथरा होना बहुत जरूरी है। महिलाएं चेहरे को तो साफ कर लेती हैं। लेकिन जब बात हाथ पैरों को साफ करने की आती है तो इग्नोर कर देती हैं। लेकिन कई बार हालत इतनी खराब हो जाती है कि हाथों की सुंदरता बिगड़ने लगती है। घर के काम करने से कुछ महिलाएं की उंगलियां फटी, सूखी और छिली हुई दिखने लगती हैं। इस तरह की उंगलियों से छुटकारा पाने के लिए आप कुछ तरीकों को अपना सकते हैं। देखिए, हाथों की सुंदरता बढ़ाने के लिए घरेलू तरीके-


1) दिन में कई बार अच्छी क्वालिटी वाली मॉइस्चराइजिंग क्रीम या लोशन लगाएं। लोशन और क्रीम नमी को बहाल करने और इसे त्वचा में वापस सील करने में मदद करते हैं। आप बॉडी बटर का इस्तेमाल भी कर सकते हैं क्योंकि इसमें चिकनाहट ज्यादा होती है।
2) अगर आप घर के काम करने के लिए हाथों को बार-बार पानी में डालती हैं तो दस्ताने पहनना शुरू कर दें। दस्ताने पानी को आपकी स्किन से उसका प्राकृतिक तेल छीनने से रोकने में मदद करते हैं।
3) तेज खुशबू वाले या ज्यादा केमिकल वाले कठोर साबुन को लगाने से बचें। इस तरह के साबुन स्किन को और ज्यादा ड्राई कर सकते हैं। आप बिना खुशबू और केमिकल वाले क्लीन्ज़र को आजमाएं।
4) उंगलियों पर ताजे एलोवेरा जेल को लगाएं। नमी बनाए रखने के लिए नहाने के तुरंत बाद इसे लगाना सबसे अच्छा है। जब आप रोजाना इसका इस्तेमाल करेंगी तो फर्क दिखने लगेगा।
5) स्क्रबिंग डेड, ड्राई और डैमेज स्किन को हटाने में मदद कर सकती है। जैतून का तेल और 1 से 2 बड़े चम्मच दानेदार चीनी को मिलाकर घरेलू घोल बनाएं और इससे उंगलियों को स्क्रब करने की कोशिश करें।
6) उंगलियों को स्क्रब करने के बाद पेट्रोलियम जेली का इस्तेमाल करें। इसे रात में उंगलियों पर अच्छे से लगाकर छोड़ दें।

Paschim bangal

# भूकंप से फिर कांपी धरती; कोलकाता में सुबह-सुबह महसूस किए गए झटके, 5.1 रही तीव्रता

**कोलकाता, (एजेंसी)** भूकंप के झटके से एक बार फिर धरती कांपी। ओडिशा से लेकर पश्चिम बंगाल तक झटके महसूस किए गए। ओडिशा के पुरी के पास मंगलवार की सुबह भूकंप का तेज झटका महसूस किया गया, जिसकी तीव्रता 5.1 मापी गई। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप सुबह 6 बजकर 10 मिनट पर बंगाल की खाड़ी में 91 किलोमीटर की गहराई पर आया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) के एक अधिकारी ने कहा कि भूकंप का झटका 19.52 उत्तरी अक्षांश और 88.55 पूर्वी देशांतर पर दर्ज किया गया।

ओडिशा राजस्व विभाग के सीनियर अधिकारी ने



बताया कि भूकंप से अब तक किसी भी तरह के जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि भूकंप का प्रभाव 'ना के बराबर' था, क्योंकि इसका केंद्र बंगाल की खाड़ी में था। उन्होंने बताया कि भूकंप का झटका ओडिशा के पारादीप, पुरी, बरहामपुर और कुछ अन्य स्थानों पर महसूस किया गया। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में भी लोगों ने भूकंप के झटके महसूस किए।

इससे पहले, रविवार को हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। अधिकारियों ने बताया कि जिले के कई हिस्सों में भूकंप के झटके महसूस किए गए, हालांकि जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

Kerala

## कैसे दरिंदा बन गया अफान, दादी से लेकर भाई तक 6 लोगों की कर दी हत्या



**तिरुवनंतपुरम, (एजेंसी)** तिरुवनंतपुरम के निकट वेंजारामूडु में एक चौंकाने वाली घटना में 23 वर्षीय एक व्यक्ति ने सोमवार को पुलिस के सामने कबूल किया कि उसने अपने 13 वर्षीय भाई, 80 वर्षीय दादी और एक महिला सहित छह लोगों की हत्या की है। महिला उसकी प्रेमिका बताई जा रही है। अफान शाम को वेंजारामूडु पुलिस थाने में आया और अपना अपराध कबूल किया।

पुलिस ने बताया कि इस व्यक्ति की पहचान अफान नामक व्यक्ति के रूप में हुई है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अफान ने दावा किया था कि उसने जहर खा लिया है। फिलहाल, पुलिस इस जघन्य अपराध की वजह तलाशने में जुटी हुई है।

पुलिस ने पांच लोगों की मौत की पुष्टि की है, जबकि अफान की मां को गंभीर हालत में एक निजी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसने अपनी मां पर भी हमला किया था। मृतकों में दो उनके करीबी रिश्तेदार थे।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अफान ने पुलिस को बताया है कि उसने परिवार के 6 लोगों को मार दिया, क्योंकि वे उसपर चढ़े भारी कर्ज को उतारने में आनाकानी कर रहे थे। हालांकि, पुलिस को उसकी बात पर शक है और जानकारी जुटाने के लिए पड़ताल की जा रही है।

Uttarpradesh

## नकली नोट बनाने वाले गैंग का भंडाफोड़, 4 गिरफ्तार, छाप चुके हैं 1 करोड़ की फेक करेंसी

**पीलीभीत, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के पीलीभीत की बरखेड़ा थाना पुलिस ने नकली नोट का कारोबार करने वाले चार इंटरस्टेट धंधेबाजों को गिरफ्तार किया है. इनके कब्जे से 2.90 लाख रुपये की नकली भारतीय करेंसी और इसे बनाने की मशीन बरामद हुई है. पुलिस द्वारा पकड़े गए चारों आरोपी शाहजहांपुर, बरेली, और बदायूं के रहने वाले हैं.

अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर की सूचना पर इन्हें पकड़ा गया है पूछताछ में इन्होंने बताया कि यूट्यूब के जरिए इन्होंने नोट बनाना सीखा था. नकली नोट बनाकर यह ग्रामीण क्षेत्रों में भोले भाले लोगों को दे दिया करते थे.

पकड़े गए आरोपियों में से 2 लोग शाहजहांपुर जनपद के है जिनके नाम रिजवान व अब्दुल सत्तार है. तो वही खलील अहमद बदायूं का रहने वाला है. चौथा आरोपी फरियाद बरेली का रहने वाला है. पुलिस का कहना है कि रिमांड लेकर इनसे पूछताछ की जाएगी इन्होंने अभी तक एक करोड़ के नकली नोट छापने की बात कबूली है.

Rajasthan

## जयपुर रोडवेज की बस में लगी भीषण आग, 50 यात्रियों ने कूदकर बचाई जान, देखते- देखते हो गई खाक

**सीकर, (एजेंसी)** राजस्थान में सीकर जिले के रींगस थाना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 52 पर सरगोठ के समीप जयपुर से खाटूश्याम जी जा रही जयपुर डीपो की रोडवेज बस में अज्ञात कारणों से आग लग गई. आगजनी की सूचना मिलने पर बस में सवार करीब 50 सवारियों ने कूदकर जान बचाई.

आग लगने का आभास होने पर चालक ने बस को सड़क किनारे स्थित होटल के सामने खड़ा कर दिया.आग की सूचना पर रींगस नगर पालिका की दमकल ने मौके पर पहुंच कर करीब 40 मिनट की मशक्कत से आग पर काबू पाया लेकिन तब तक बस पूरी तरह जलकर कबाड़ में तब्दील हो चुकी थी.थानाधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि जयपुर डीपो की रोडवेज बस में आगजनी की सूचना मिली थी. बस में करीब 50 यात्री सवार



थे जो सकुशल है.गौरतलब है कि जयपुर डीपो की रोडवेज बस खाटूश्याम जी जा रही थी जो सरगोठ के समीप पहुंचने पर आग की भेंट चढ़ गई. उन्होंने कहा कि गनीमत रही कि चालक की सूझबूझ से समय रहते आगजनी का पता लगा और सवारियों को सकुशल बस से उतार दिया गया.अन्यथा बड़ा हादसा घटित हो सकता था.

खेल

# भारतीय महिला हॉकी टीम को प्रो लीग के मैच में मिली हार, ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड ने दी मात

**भुवनेश्वर। भारतीय महिला हॉकी टीम को एफआईएच प्रो लीग मैच में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड से 2-4 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम को गोल करने के बेहतर मौके मिले जिसमें उसे 13 पेनल्टी कॉर्नर, जबकि नीदरलैंड को सिर्फ तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले। लेकिन भारत मौकों का फायदा नहीं उठा सका।**




### सविता का 300वां अंतरराष्ट्रीय मैच

नीदरलैंड के लिए एम्मा रीजन (सातवें मिनट), फेलिस एल्बर्स (34वें, 47वें मिनट) और फे वैन डेर एल्स्ट (40वें मिनट) ने गोल दागकर जीत हासिल की। भारत के लिए दोनों गोल उदिता (18वें और 42वें मिनट) द्वारा पेनल्टी कॉर्नर पर किए गए। यह भारत की अनुभवी गोलकीपर और पूर्व कप्तान सविता पूनिया का 300वां अंतरराष्ट्रीय मैच था। रीजन ने सातवें ही मिनट में रिवर्स हिट से उन्हें पछाड़ते हुए गोल कर दिया। भारतीय टीम ने जल्द ही लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए, पर दोनों ही बेकार गए।

भारतीयों ने दूसरे क्वार्टर में भी तेजी बनाए रखी और दो और पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए जिनमें से दूसरे को उदिता ने गोल में बदला। नीदरलैंड ने 25वें मिनट में एक पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, लेकिन भारत ने मजबूती से बचाव किया। लेकिन छोर बदलने के चार मिनट बाद एल्बर्स ने ढीली गेंद पर कुछ भारतीय डिफेंडरों को चकमा देते हुए दूसरी भारतीय गोलकीपर बीचू देवी खारीबाम को पीछे छोड़ते हुए एक बेहतरीन रिवर्स हिट के साथ गोल करके नीदरलैंड को 2-1 की बढ़त दिला दी।

इसके बाद वैन डेर एल्स्ट ने मैदानी गोल से नीदरलैंड की बढ़त मजबूत की। उदिता ने 42वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर अंतर को कम किया। एल्बर्स ने 47वें मिनट में एक और बेहतरीन मैदानी गोल करके नीदरलैंड की जीत सुनिश्चित कर दी जो उनका दिन का दूसरा गोल था। भारत मंगलवार को रिटर्न लेग मैच में फिर से नीदरलैंड से खेलेगा और उसकी कोशिश जीत दर्ज करने की होगी।

सिनेमा

## गोविंदा का सुनीता से हो रहा तलाक? मराठी एक्ट्रेस से अफेयर के चर्चे, लोगों ने जोड़ा गोली लगने से कनेक्शन



गोविंदा की गृहस्थी में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है, यह चर्चा लंबे समय से गॉसिप गलियारों में थी। अब खबरें आ रही हैं कि गोविंदा पत्नी सुनीता आहूजा से तलाक के फाइनल स्टेज पर हैं। दोनों ने अपनी 37 साल पुरानी शादी को खत्म करने का फैसला लिया है। सुनीता बीते कुछ इंटरव्यूज में बता चुकी हैं कि गोविंदा उनके साथ नहीं रहते। वह मजाक में उनके अफेयर के बारे में भी बोल चुकी हैं। रूमर्स हैं कि गोविंदा और सुनीता के अलग होने की वजह एक 30 साल की मराठी एक्ट्रेस है। हालांकि गोविंदा या सुनीता दोनों की तरफ से इस पर कोई ऑफिशियल स्टेटमेंट नहीं आया है। गोविंदा की पत्नी सुनीता अपने बिंदास नेचर के लिए जानी-जाती हैं। कुछ वक्त पहले जब गोविंदा को गोली लगी तब यह बात सामने आई थी कि वह सुनीता के साथ नहीं रहते। अब दोनों के तलाक के चर्चे गरम हैं। Reddit पर भी पोस्ट दिख रहा है। इस पोस्ट में लिखा है कि गोविंदा का तलाक होने वाला है। एक रेडिट यूजर ने लिखा है, 'सुनीता रीसेंट कई इंटरव्यूज में हिंट कर चुकी हैं कि गोविंदा का अफेयर है। वह उनके फ्लैट के ऑपोजिट बंगले में रहते हैं क्योंकि उनके शेड्यूल मैच नहीं करते। उस इंसान के साथ रहना कितना एग्जॉस्टिंग होता होगा जिसके इतने अफेयर्स को

## Highlights

1. **Recliners to be installed in K'taka Assembly for MLAs to take naps: Report**
2. **Canada's new visa rules may impact Indian students: Reports**
3. **CM has bribed doctors: BJP's Ghosh as Mamata announces pay hike**
4. **IMD issues 2-day heatwave alert for Mumbai, neighbouring districts**
5. **Not imposing Hindi: BJP's Annamalai on language row in Tamil Nadu**

# Meta reaches out to influencers like MrBeast and Mark Rober to make Facebook cool again: Report

**NEW DEIHI, (Agency).** Meta is trying to make Facebook more appealing to creators with new rewards and features as the social media platform has started losing ground to TikTok and YouTube.

Now cash benefits are the latest way Meta is trying to lure back creators, according to a report by The Information.

The social media giant has gone as far as talking to top influencers such as MrBeast and Mark Rober to get new ideas on how to make Facebook more fun and engaging, according to the report.

Facebook's decline as compared to its competitors is primarily due to the fact that content creators can reach bigger audiences and make more money as well from other platforms.




"We are also exploring adding fun features that are a throwback to how Facebook was originally used in colleges and could create some buzz amongst younger audiences," the report quoted a spokesperson as saying.

All of these efforts are also to attract Gen Z users as facebook has a comparatively older user demographic than other platforms such as Instagram. However, the financial benefits which Meta will offer to influencers on its platform remain unclear as of now. It can potentially come in the form of direct payouts, higher sharing of ad revenues , or other ways by which they will be incentivised enough to make Facebook their go-to platform.

This is all despite Facebook at the moment still having a huge user base. This comes at a time when Meta has seen significant changes as a company, starting from multiple layoff rounds of employees the company felt were underperformers.

# Starbucks eliminating 1,100 corporate jobs to speed up turnaround

**NEW DEIHI, (Agency).** Starbucks Corp. is eliminating 1,100 corporate jobs in a move aimed at increasing efficiency and quickly enacting changes to revitalize the company.

The cuts represent about 7% of the global employee base working outside of company-owned stores, which also includes roles such as warehousing that aren't affected by the restructure. Starbucks doesn't disclose how many corporate workers it has, and the bulk of its employees around the world work in its cafes. Chief



Executive Officer Brian Niccol, who took over in September amid declining sales at the coffee giant, had announced the impending restructuring in January. Workers who are losing their jobs will be notified by Tuesday, according to an announcement. Corporate employees were asked to work remotely the whole week. Starbucks, which said it's looking to remove duplication, is the latest big company to slash layers of management. Southwest Airlines Co. said earlier this month that it planned to cut 15% of corporate jobs in its first-ever round of layoffs. Shares of Starbucks were up less than 1% at the start of US trading. The stock rose almost 17% in the past 12 months through Friday's close, compared to a roughly 18% increase for the S&P 500 Index. As of September, Starbucks employed 211,000 people in the US, with 95% working in its more than 10,000 company-operated stores and the rest in corporate and other roles.

# 150 प्रोफेसर्स को छात्रों ने बंधक बनाया, होलकर साइंस कॉलेज में होली मिलन के पोस्टर हटाने पर हॉल में बंद किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर के होलकर साइंस कॉलेज में सोमवार को छात्र नेताओं ने प्रिंसिपल समेत 150 से ज्यादा प्रोफेसर्स को 30 मिनट तक बंधक बनाए रखा। सभी को हॉल में बंद कर बाहर गेट पर लकड़ी फंसा दी ताकि कोई बाहर न आ सके।मेन स्विच ऑफ कर बिजली भी बंद कर दी।**

दरअसल, छात्र नेताओं ने कॉलेज कैम्पस में निजी कोचिंग से स्पॉन्सर्ड होली मिलन समारोह के पोस्टर लगाए थे। प्रिंसिपल डॉ. अनामिका जैन ने इन पोस्टर्स को हटवा दिया था। इसके बाद छात्र नेताओं ने प्रोफेसर्स को यशवंत हॉल में बंद कर दिया और बाहर नारेबाजी करने लगे।

एक कर्मचारी ने हॉल की खिड़की से बमुश्किल बाहर निकलकर गेट खोला। इसके बाद प्रिंसिपल डॉ. अनामिका जैन ने कलेक्टर से मुलाकात कर घटना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुरक्षा कारणों से आयोजन की मंजूरी नहीं दी थी। बिना अनुमति लगे पोस्टर हटाए थे। किसी शर्मा कोचिंग को स्पॉन्सर बनाया गया था।



कुछ दिन पहले कुछ छात्र नेता और एबीवीपी से जुड़े कार्यकर्ताओं ने मैदान में 7 मार्च को होली सेलिब्रेशन की अनुमति मांगी थी। सोमवार को पूरे परिसर में शर्मा कोचिंग के सहयोग से आयोजन के पोस्टर लगा दिए गए। कॉलेज प्रशासन ने इन्हें हटवाया तो छात्र नेताओं ने हंगामा शुरू कर दिया।

प्रिंसिपल फैकल्टी की मीटिंग के लिए यशवंत हॉल गईं तो छात्र नेता वहां भी पहुंच गए। नारेबाजी करने लगे। प्रिंसिपल ने अंदर से दरवाजा बंद करा दिया तो छात्र नेताओं ने बाहर से गेट लगा दिया। छात्र नेताओं ने बाद में प्राचार्य कक्ष में भी हंगामा किया। एबीवीपी से जुड़े रितेश पटेल ने मीडिया से कहा कि होली मिलन के लिए अनुमति लेने गए थे। पहले अनुमति दी गई, उसी के बाद पोस्टर लगाए गए। जब पोस्टर हटाने का कारण पूछा तो प्रिंसिपल बात करने के बजाय मीटिंग में चली गई थीं।

कलेक्टर आशीष सिंह ने बताया कि होलकर साइंस कॉलेज प्रिंसिपल ने इस मामले में शिकायत की है। छात्रों द्वारा किया गया यह कृत्य गंभीर है। एडीएम राजेंद्र रघुवंशी को जांच करने के लिए कहा है। वे शाम तक सभी पक्षों से बात करके रिपोर्ट तैयार करेंगे। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



आज ही अपनी जानकारी सबमिट करे www.detectivegroup.in पर
Whatsapp us on +91-91110 50101

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक